हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 शिविर में ग्रामीणों को मिली एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं



खबर संक्षेप

शासकीय अस्पताल बिजुरी में रक्तदान शिविर



बिजुरी। नगर के शासकीय अस्पताल बिजुरी में सोमवार, को जिला अनूपपुर ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल कर्मियों, महाविद्यालयीन विद्यार्थियों एवं नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 15 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में शासकीय महाविद्यालय के 5 विद्यार्थी, शासकीय अस्पताल के 5 कर्मचारी तथा नगर के 5 नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एल. दीवान ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में रक्तदान सुरक्षित प्रक्रिया है और रक्तदान के बाद शरीर अपने रक्त की पूर्ति की प्रक्रिया शुरू कर देता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के उपचार में उपयोगी साबित होकर उसका जीवन बचाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता दुर्घटना में घायल मरीजों, गंभीर रूप से बीमार लोगों, प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव वाली महिलाओं तथा विभिन्न चिकित्सकीय परिस्थितियों में पड़ सकती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदाताओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। शिविर के माध्यम से नागरिकों एवं युवाओं को रक्तदान करें, जीवन बचाएं का संदेश दिया गया। अस्पताल प्रबंधन एवं ब्लड बैंक टीम ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

नाराज पत्नी ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिशुनपुर डांडपारा निवासी उषा लकड़ा पति बसंत लकड़ा (36 वर्ष) 28 सितंबर को पति ने पत्नी को बकरी को देखरेख करने की बात कहकर पत्नी के रिश्तेदार के यहां दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने चला गया। दोपहर को घर आया तो देखा पत्नी शराब पी रखी थी और बेटी को स्नान नहीं करवाई थी। पत्नी को नशे के हालत में देख फटकार लगाने लगा। दूसरे दिन सुबह रिश्तेदार के यहां गया और रात को घर लौटा। इसी बीच देर रात पत्नी ने पेट में जलन और दर्द होने की शिकायत की। पूछताछ में पत्नी ने बताया कि वह कीटनाशक पी ली है। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। लगभग तीन चार दिन अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

चोरों ने दुकान से पार किया नकदी-सामान

अम्बिकापुर। राजेश केसरी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि श्रीगढ़ खरसिया नाका के समीप जनरल एजेंसी के नाम से दुकान का संचालन करता है। 26 सितंबर की रात दुकान के छत के सेड के रास्ते चोरों ने दुकान में दाखिल होकर दुकान के काउंटर में रखे नगद 30 से 35 हजार रूपए के अलावा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी जब दूसरे दिन दुकान खोला तो काउंटर टूटा तथा दुकान में रखा सामान गायब था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

झुमका पर्यटन स्थल तक पहुंचना भी मुश्किल, गड्ढों से होकर माता के दरबार पहुंचेंगे भक्त

ओड़गी मुख्य मार्ग के साथ सागरपुर सड़क बदहाल

नवरात्र से पहले जर्जर सड़कों ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत बीते कुछ दिनों से लगातार जर्जर होती जा रही है। शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होने वाला है, ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर के दुर्गा पंडालों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचेंगे। जर्जर सड़कों और जगह-जगह बने खतरनाक गड्ढों के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

जिला मुख्यालय से लगे ओड़गी मार्ग की स्थिति भी इसी तरह की बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शहर के ओड़गी तिराहा से ओड़गी जाने वाली मुख्य सड़क कई स्थानों पर जर्जर हो चुकी है। बारिश के दौरान सड़क पर नए गड्ढे बन गए हैं। कई स्थानों पर गड्ढे इतने गहरे हो गए हैं कि दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को संभलकर आवाजाही करनी पड़ रही है। इसके बावजूद सड़क के गड्ढों को सुरक्षित तरीके से भरने की दिशा में अब तक अपेक्षित पहल नहीं हुई है। प्रतिदिन इस मार्ग से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। नवरात्र पर्व को देखते हुए ओड़गी मुख्य मार्ग सहित सागरपुर और झुमका पर्यटन स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति सुधारने की जरूरत है। जिम्मेदार विभाग को तत्काल गड्ढों का भराव कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

झुमका पर्यटन स्थल का पहुंच मार्ग उपेक्षित

पर्यटन को बढ़ावा देने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों की बदहाली पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से लगे ग्राम ओड़गी में झुमका बांध प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां शहर के अलावा जिले और दूसरे क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं। ऐसे में झुमका पर्यटन स्थल तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्ग की बदहाल स्थिति पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। पर्यटन स्थल तक बेहतर सड़क सुविधा नहीं होने से पर्यटन गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

सागरपुर मार्ग भी हुआ जर्जर

ओड़गी से लगे ग्राम सागरपुर जाने वाले मार्ग की स्थिति भी कई स्थानों पर खराब हो चुकी है। भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन से पहले झुमका तट स्थित कुंड तक पहुंचने वाले मार्ग पर सागरपुर के मुख्य मार्ग के गड्ढों को अस्थाई तौर पर भरा गया था। बारिश के बाद सड़क पर डाली गई गिट्टी कई स्थानों से बाहर निकल गई है और फिर से गड्ढे बनने लगे हैं। इससे इस मार्ग से आवाजाही करने वाले ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

नवरात्र में बढ़ेगा आवागमन

आने वाले दिनों में शारदीय नवरात्र शुरू होने के साथ ओड़गी मार्ग पर आवाजाही और बढ़ने की संभावना है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु ओड़गी क्षेत्र में माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में जर्जर सड़क और खतरनाक गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। समय रहते यदि सड़क के गड्ढों को सुरक्षित तरीके से भर दिया जाए तो श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल सकती है।



ओपीडी में पर्ची के लिए लगती है भीड़

बैकुण्ठपुर। जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर में इलाज के लिए पहुंचने वाले जिले के दूर-दराज और वनांचल क्षेत्रों के साथ पड़ोसी जिलों के मरीजों की बढ़ी संख्या व उनके परिजनों की परेशानी अस्पताल की नई डिजिटल व्यवस्था से बढ़ गई है।

ओपीडी पर्ची काउंटर पर आभा एप डाउनलोड कराया जा रहा है, काउंटर पर तैनात कर्मचारियों द्वारा मरीजों व परिजनों से पहले स्मार्टफोन में आभा एप डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। इसके बाद ही ओपीडी पर्ची बनाए जाने की बात कही जाती है। डिजिटल हेल्थ मिशन को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई इस व्यवस्था से स्मार्टफोन नहीं रखने वाले ग्रामीण, बुजुर्ग और अशिक्षित मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर पर सुबह निर्धारित समय से ही मरीजों और उनके परिजनों की कतार लग जाती है। अपनी बारी आने पर जब उनसे आभा एप डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है तो परेशानी शुरू हो जाती है। स्मार्टफोन रखने वाले मरीजों और परिजनों को किसी तरह एप डाउनलोड करने में सहायता मिल जाती है, लेकिन दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ऐसे मरीज और परिजन जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है अथवा केवल की-पैड वाला मोबाइल है, उन्हें पर्ची बनवाने के लिए घंटों भटकना पड़ता है। मरीजों और परिजनों की सुविधा को देखते हुए जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर पर डिजिटल व्यवस्था के साथ समानांतर मैनुअल काउंटर भी संचालित किए जाने की जरूरत है। इससे स्मार्टफोन नहीं रखने वाले मरीजों को बिना किसी तकनीकी बाधा के तत्काल ओपीडी पर्ची जारी की जा सकेगी। विशेषकर बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार, अशिक्षित और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए प्राथमिकता के आधार पर बिना तकनीकी शर्त के पर्ची जारी करने की व्यवस्था होनी चाहिए।

मरीजों की सुविधा से ज्यादा डिजिटल प्रक्रिया पर जोर

प्रत्येक मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड तैयार करने की व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके साथ मरीजों की सुविधा का भी ध्यान रखना जरूरी है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और बुजुर्ग मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें कई लोग स्मार्टफोन और डिजिटल एप के इस्तेमाल से परिचित नहीं हैं। ऐसे मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से डिजिटल प्रक्रिया ही उनके लिए परेशानी का कारण बन रही है। मरीजों और उनके परिजन का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू करने के साथ अस्पताल प्रबंधन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसके कारण किसी मरीज को इलाज के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। जिला अस्पताल में लंबे समय से आभा एप के माध्यम से ओपीडी पर्ची बनाए जाने को लेकर सामने आ रही परेशानियों को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से व्यवस्था की समीक्षा कर मैनुअल काउंटर शुरू करने की मांग की जा रही है।

दूरस्थ गांवों को मिली रफ्तार 4 बसों ने आसान किया सफर



जनकपुर। एमसीबी जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में आवागमन की समस्या को कम करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत परिवहन सुविधा का विस्तार किया गया है।

जिले में योजना के अंतर्गत चार बसों का संचालन विभिन्न ग्रामीण और महत्वपूर्ण मार्गों पर किया जा रहा है। नियमित बस सेवा शुरू होने से गांवों से शहर और प्रमुख बाजारों तक पहुंच आसान हुई है। विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों, छोटे व्यापारियों और मरीजों के लिए यह सेवा रोजमर्रा के आवागमन का सहारा बन रही है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में संचालित चार बसें चंवारीडांड-बैकुंठपुर, कचोहर-मनेन्द्रगढ़, जनकपुर-बड़वाही तथा जनकपुर-मलकडोल मार्ग पर चल रही हैं। इन मार्गों से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब आवागमन के लिए निजी वाहन, किराए के महंगे साधन अथवा अनियमित परिवहन पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। बस सेवा उपलब्ध होने से ग्रामीणों के लिए आने-जाने का खर्च कम होने के साथ समय की भी बचत हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बस सेवाओं का सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचने के लिए विद्यार्थियों को अब अलग-अलग साधनों का सहारा कम लेना पड़ रहा है। नियमित बस सेवा से दूरस्थ गांवों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसरों तक पहुंच आसान हुई है। विशेष रूप से ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां निजी परिवहन सीमित है, वहां बस सेवा महत्वपूर्ण साबित हो रही है। बस सेवा का असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। किसान अपनी कृषि उपज और अन्य जरूरी कार्यों के लिए बाजारों तक आसानी से पहुंच पा रहे हैं। श्रमिकों को रोजगार वाले स्थानों तक आने-जाने में सुविधा मिल रही है। वहीं छोटे ⏭शेष पेज 2 पर

किसान कर रहा था गांजे की खेती, आरोपी गिरफ्तार

राजपुर। बरियों पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए अभियान में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक किसान की सब्जी की बाड़ी से 112 नग गांजे का पौधा बरामद करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से साढ़े तीन लाख रुपए का गांजा का पौधा बरामद किया है और मामले की जांच चल रही है। जिले में नशीले पदार्थों की खेती, तस्करी, और अवैध कारोबार के मामले में कार्रवाई के लिए एसपी वैभव बैंकर द्वारा पुलिस, राजस्व व वन विभाग की संयुक्त बैठक ली गई थी। 3 अक्टूबर को बरियों अंतर्गत ग्राम खुखरी के हल्का पटवारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि गांव में फसल गिरदावरी करने के दौरान कबीर साय के सब्जी की बाड़ी में मादक पदार्थ गांजा के पौधे लगाए हुए पाए गए है।

कोयला श्रमिकों को पीएलआर का भुगतान 15 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में कार्यरत कोयला श्रमिकों के लिए दुर्गा पूजा के अवसर पर बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वर्ष 2025-26 के लिए कोयला कर्मचारियों को परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवॉर्ड के रूप में 1 लाख 10 हजार 250 रुपए का भुगतान किए जाने का निर्णय लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि 15 अक्टूबर तक कर्मचारियों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। लंबे समय से इस भुगतान का इंतजार कर रहे कोयला कर्मियों के बीच निर्णय को लेकर उत्साह का माहौल है। कोयला उद्योग में कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवॉर्ड का भुगतान किया जाता है। यह भुगतान केंद्रीय श्रम संगठनों के साथ चर्चा के बाद तय किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 के लिए पीएलआर की राशि निर्धारित की गई है। इससे एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र सहित कोयला उद्योग में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। वहीं, ठेकेदारों के माध्यम से एसईसीएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पात्र ठेका श्रमिकों को परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव के रूप में उनके वार्षिक अर्जित वेतन का 8.33 प्रतिशत, अर्थात लगभग एक माह के वेतन के बराबर राशि, भुगतान किए जाने की बात कही गई है।

ठेका श्रमिकों के लिए यह भुगतान विशेष महत्व रखता है, क्योंकि बड़ी संख्या में मजदूर विभिन्न ठेका कार्यों के माध्यम से कोयला उत्पादन एवं उससे जुड़े कार्यों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पात्र श्रमिकों को नियमानुसार मिलने वाले पीएलआई का पूरा लाभ दिलाना ⏭शेष पेज 2 पर

घर में घुसकर बर्तन चोरी का प्रयास, ग्रामीणों ने दो को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले केल्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहरी में दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास करने वाले दो युवकों को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। महिला के घर पहुंचने पर दोनों आरोपी सामान लेकर भागने लगे थे। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने बाइक से भाग रहे दोनों युवकों का पीछा किया और उन्हें पकड़कर पुलिस चौकी पहुंचाया।

मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार ग्राम मोहरी निवासी राजकुमारी सिंह पति जमला सिंह जाति गोंड, उम्र करीब 25 वर्ष ने बताया कि रविवार को उसकी मां सब्जी तोड़ने के लिए घर से बाहर गई थी। करीब शाम 4.30 बजे जब वह वापस घर लौटी तो उसने देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर घुसे हुए थे और चोरी करने की नीयत से सामान तलाश रहे थे। दोनों युवक घर से कांसे की बटकी चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। महिला को देखते ही दोनों युवक घर से बाहर निकलकर भागने लगे। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ग्रामीणों ने दोनों युवकों का पीछा किया। आरोपी मोटरसाइकिल से भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों ने दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को पुलिस चौकी ले जाया गया।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, पकड़े गए दोनों युवकों से नाम-पता पूछने पर एक ने अपना नाम सेनसाय तथा दूसरे ने अनिल बंसूल बताया। दोनों ग्राम रोकड़ा के निवासी बताए गए हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि यदि समय रहते वह घर नहीं पहुंचती और शोर नहीं मचाती तो आरोपी घर से सामान चोरी कर ले जाते। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दस्तावेज के अनुसार प्रकरण की जांच के लिए प्रधान आरक्षक पीयूष एक्का को जांच अधिकारी बनाया गया है।

घटना के बाद गांव में चोरी की कोशिश को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी का प्रयास किए जाने से लोगों में सुरक्षा को लेकर भी चिंता है। ग्रामीणों ने पुलिस से क्षेत्र में संदिग्ध लोगों और बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रामगढ़ शिविर में पहुंची भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका

महिलाओं की भूमिका परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम रामगढ़ में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों से आवेदन लेने के साथ विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ एवं हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि भारत महिला प्रधान देश है। महिलाओं की भूमिका परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं में महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार लाभ लेने तथा अन्य महिलाओं को भी योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। शिविर में हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ और उससे उनके जीवन में आए बदलाव के अनुभव साझा किए। एक हितग्राही ने बताया कि महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने ⏭शेष पेज 2 पर

एक ही स्थान पर मिल रही विभिन्न शासकीय सेवाएं

सेवा संकल्प अभियान के तहत बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड में आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी, आवेदन और समस्याओं के निराकरण की सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविरों में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पेंशन, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र, बी-1, नक्शा, खसरा विवरण एवं ऋण पुस्तिका सहित विभिन्न सेवाओं से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी जा रही है।

लाश की आशंका पर खोदा गया गड्ढा, 6 फीट खोदाई के बाद भी कुछ नहीं मिला

डांडगांव। सेमी घोघरा जंगल में शव दफन करने की आशंका पर रविवार को पुलिस टीम ने घटना स्थल पर खुदाई की। लगभग छह फीट तक खोदाई करने के बाद भी अन्दर से कुछ भी नहीं निकला जिसके आड़ लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत सेमी घोघरा जंगल में किसी व्यक्ति का शव दफ़न किए जाने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। लोगों का कहना था कि कुछ लोग बोलेरो वाहन से पहुंचे थे और गड्ढा खोद रहे थे। इसके साथ ही मौके पर एक सफेद कपड़ा नजर आया था। संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए पुलिस टीम शनिवार को घटना स्थल पर पहुंची थी जिसके बाद कब्र नुमा स्थल देखकर पुलिस ने भी घटना स्थल की सुरक्षा बढ़ा दी थी। रविवार को सुबह 11 बजे मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में संदिग्ध गड्ढे की खुदाई कराई गई। थाना प्रभारी शिशिरकांत सिंह ने बताया कि पुलिस ने रातभर संदिग्ध स्थल की निगरानी की है। तहसीलदार तारा सिदार की मौजूदगी और प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में गड्ढे की खुदाई कि गई। डेढ़ घंटे में छह फीट की खुदाई के बाद बाद गड्ढे में हरा पत्ता के अलावा कुछ नहीं मिला। इधर गड्ढा रात के समय में क्यों खोदा गया किसलिये और किसने खोदा यह रहस्य बना हुआ है।

खबर संक्षेप



अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में हुई मैराथन दौड़

अम्बिकापुर। अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में नशा मुक्ति परिवार महा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को महापौर मंजूषा भगत एवं संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय के कुलपति राजेंद्र लाकपाले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ का उद्देश्य नशामुक्त रहने से स्वस्थ समाज का निर्माण है। खुद स्वस्थ रहेंगे तो स्वस्थ विचारों के साथ जीने का प्रयास भी होगा। अणुव्रत समिति के इस आयोजन में समिति के साथ महिला मंडल, युवक परिषद, ज्ञानशाला, सरस्वती महाविद्यालय, आरोग्य समिति, फिट कोप फिट सिटी भी शामिल रहे। मैराथन दौड़ गांधी स्टेडियम से देवीगंज रोड़, महामाया चौक, जोड़ा पीपल से वापस गांधी स्टेडियम समाप्त हुआ। दौड़ में 250 से ज्यादा की लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन के पूर्व डॉ. योगेंद्र गहरवार ने नशे के खिलाफ जन चेतना की प्रेरणा दी और दुष्परिणाम बताए। नशा मुक्ति का संकल्प महापौर मंजूषा भगत ने दिलाई। अतिथियों को मोमेंटो राज्य प्रभारी श्रीमती ममोल कोचेटा ने देकर सम्मानित किया। इस दौरान महेंद्र बोथरा,काजल भूरा, वर्षा भूरा, सुधा बोथरा, हनुमान डागा, संगीता डागा , मनोज बोथरा, मदन सेठिया, महावीर सेठिया, पवन बोथरा, प्रतीक बोथरा, सौरभ बोथरा, स्वीटी जैन, जयंत जैन जेठमल जैन, रेखा जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

डीएवी कनकनगर ने आयोजित की 2 किमी मैराथन दौड़



प्रतापपुर। डीएवी सीएमसी एवं डीएवी खेलकूद के मार्गदर्शन में डीएवी एमएमपीएस कनक नगर द्वारा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर 2 किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर खैरमा चौक तक पहुंची। इसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के करीब 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी गुप्ता, अक्षय तिवारी, अवधेश पाण्डेय, पंकज गुप्ता एवं पूर्व शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रेम सिंधु मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ दौड़ में भाग लेकर स्वस्थ जीवन शैली एवं अनुशासन का संदेश दिया। खैरमा चौक में मैराथन के समापन अवसर पर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अक्षय तिवारी एवं अवधेश पाण्डेय ने विद्यार्थियों को एक आदर्श नागरिक बनने के लिए आवश्यक गुणों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में डीएवी एमएमपीएस कनक नगर के प्राचार्य मनीष कुमार दुबे, प्रकाश तिर्की, आशीष मंडल, अनिता कुशवाहा, प्रियंका यादव, अर्चना सोनी, सुनेना कुरे, प्रीति, प्रिया साहू, सुषमा मिश्रा, शशि तिवारी, नीतू पटेल, अन्नपूर्णा सांडिल्य, श्रद्धा सिंह, काशिफ रजा एवं उज्ज्वल कश्यप उपस्थित रहे।

गैस एजेंसी के पिकअप वाहन से 6 गैस सिलेंडर चोरी करने वाले 7 गिरफ्तार



प्रतापपुर। शांति नगर स्थित इंडियन गैस गोदाम के पास पिकअप वाहन से 6 भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी गए सिलेंडरों की अनुमानित कीमत करीब 24 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए चोरी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गैस एजेंसी में सिलेंडर वितरण का कार्य करने वाले राजस्थान अंतर्गत ग्राम जोधपुर निवासी जगदीश 26 सितंबर की शाम करीब 6 बजे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 3394 से गैस वितरण करने के बाद छह सिलेंडर लेकर शांति नगर गैस गोदाम के पास वाहन खड़ा कर हिसाब-किताब के लिए इंडियन गैस कार्यालय गया था।करीब एक घंटे बाद 7 बजे वापस लौटा तो देखा पिकअप वाहन में रखे 6 गैस सिलेंडर गायब थे। आसपास तलाश करने के बावजूद सिलेंडरों का कोई पता नहीं चला तो गैस सिलेंडर चोरी होने की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच आसपास के ग्रामीणों से जानकारी मिली कि कुछ लोग गांवों में गैस सिलेंडर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इस आधार पर चोरी में कुछ लोगों के शामिल होने की आशंका जताई गई है। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी करने वाले शांतिपारा निवासी संदीप सिंह आ. राजपाल सिंह (23 वर्ष), ग्राम चांपीडांड निवासी मुकेश साण्डिल्य आ. अमीर साय(18 वर्ष 5 माह), सुखनन्दन आ. रामसिंह टेकाम (26 वर्ष), बसंत साण्डिल्य आ. मानससाय (21 वर्ष), जयकान्त सिंह आ. स्व. गंधुनन्दन सिंह (19 वर्ष), रविन्द्र नायक आ.अनिल कुमार घसिया(24 वर्ष) व छबिला प्रसाद आ. बेचनराम (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

गंभीर मरीजों की बढ़ी परेशानी, संभाग मुख्यालय जाने को मजबूर

13 साल बाद भी जिला अस्पताल में नहीं सीटी स्कैन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जिला अस्पताल का दर्जा प्राप्त हुए 13 साल हो गए परंतु आज तक जिला अस्पताल में मरीजो की सुविधा के लिए कई संसाधन की कमी है। हैरानी की बात तो यह है कि जिले में मंत्री से लेकर कई विधायक और जनप्रतिनिधि है लेकिन किसी के द्वारा जिला अस्पताल की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने ध्यान नहीं दिया गया जिससे गंभीर मरीजो के लिए महत्वपूर्ण सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे में सड़क दुर्घटना सहित अन्य गंभीर मरीज संभाग मुख्यालय में सीटी स्कैन कराने जाने को मजबूर है।

खास बात
- जांच के अभाव में कई गंभीर की हो चुकी है मौत

बलरामपुर जनवरी 2012 में जिला बना था तब जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जिला अस्पताल का दर्जा मिला था। जिला अस्पताल के लिए नवीन भवन बना और नवीन भवन में जिला अस्पताल हाईटेक रूप से शुरू हुआ लेकिन जिला अस्पताल का भवन ही सिर्फ हाईटेक रहा वहां पर हाईटेक रूप से मरीज का उपचार की सुविधा प्राप्त नहीं है। जिला अस्पताल को बने 13 साल हो गए लेकिन जिला अस्पताल में 13 सुविधा भी विकसित नहीं हुई। ऐसे में जिले वासियों को आज भी बेहतर इलाज के लिए 100 किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तय करके बड़े शहरों की ओर जाना पड़ रहा है और भारी भरकम रुपए खर्च करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न बीमारी से पीड़ित गंभीर मरीज पहुंचते है। ऐसे में दुर्घटना वाले मरीजों को या फिर विशेष गंभीर मरीजों को सिटी स्कैन कराने की सलाह दी जाती है लेकिन जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा नहीं होने से उन्हें सिटी स्कैन के लिए संभाग मुख्यालय जाना पड़ता है। ऐसे में मरीज सहित परिजन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि कोई मरीज सिटी स्कैन के लिए संभाग में जाएगा तो इलाज भी वहीं कराना उनकी मजबूरी हो जाती है जिससे उसे अनावश्यक पैसे की खर्च से आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। हैरानी की बात तो यह है कि जिले में बड़े नेता, जनप्रतिनिधि और मंत्री, विधायक हैं इसके बावजूद जिला अस्पताल को सिटी स्कैन की सुविधा 13 वर्षों में नहीं उपलब्ध करा सके। जिसका खामियाजा जिला अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीजों और उनके परिजन को भुगतना पड़ रहा है।



लोगों में भारी आक्रोश

लोगों का कहना है कि बलरामपुर जिला अस्पताल बने 13 साल हो गए है लेकिन आज तक अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं हो सकी। जबकि इसके ठीक विपरीत वर्ष 2022 में बने एमसीबी जिला को 4 वर्षों में ही सिटी स्कैन मशीन की सुविधा प्राप्त होने के साथ वहां पर रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के लिए स्थापना कर दिए गए। उससे पहले वर्ष 2012 में बने बलरामपुर जिला में 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी सीटी स्कैन की सुविधा से वंचित है जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।

जिले वासियों ने की सीटी स्कैन सुविधा की मांग

जिले वासियों का कहना है कि जिले के मंत्री और विधायक जिले वासियों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिले का विकास करने के बजाय अपना विकास करने में लगे हैं। 4 वर्ष पहले बने जिले के जिला अस्पताल में यदि सिटी स्कैन की सुविधा मिल सकती है तो 13 वर्ष पहले बने जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा क्यों मुहैया नहीं हो सकती। मंत्री और विधायक, नेता जिले के विकास की ओर ले जाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। जिले वासियों की मांग है कि बलरामपुर जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा जल्द से जल्द मुहैया कराने की पहल करें ताकि गंभीर मरीजों को संभाग मुख्यालय या बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े और उन्हें आर्थिक नुकसान न हो।

प्रशासन से की गई है मांग

जिले के लोगों की मांग और मरीजों की सुविधा का ख्याल रखते हुए प्रशासन से सिटी स्कैन स्थापना करने के लिए मांग की गई है। जल्द ही बलरामपुर जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए सीटी स्कैन की सुविधा मिलना प्रारंभ हो जाएगी।

-ओमप्रकाश जायसवाल
भाजपा जिला अध्यक्ष

सरकारी की है लापरवाही

भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण 13 वर्ष में जिले वासियों को जिला अस्पताल में सिटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण सुविधा नहीं मिल सका है। हम स्थानीय मंत्री और सरकार से सीटी स्कैन सुविधा के लिए मांग करेंगे। जिले वासियों को जिला अस्पताल में सिटी स्कैन सुविधा जल्द प्राप्त हो इसका प्रयास करेंगे।

-हरिहर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष

सीटी स्कैन के लिए प्रक्रिया हो चुकी है पूर्ण

लंबी अवधि से जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं है जिस कारण यहां सीटी स्कैन की की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। शासन स्तर से रेडियोलॉजिस्ट की पोस्टिंग कर दी गई है और सिटी स्कैन के लिए टेंडर आदि सारी प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। सीटी स्कैन स्थापना के लिए भवन की निर्माण अंतिम चरण में है। भवन हैंडओवर होता है तो जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की स्थापना हो जाएगी। सारे प्रक्रिया में दो माह के आसपास का समय लग सकता है।

-विजय कुमार सिंह
सीएमएचओ बलरामपुर



नशामुक्त गांव बनाने में परिवार और वरिष्ठजनों की सहभागिता जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नशामुक्त समाज के निर्माण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने ग्राम पचीरा सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में महिलाओं एवं उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त गांव बनाने में सक्रिय सहभागिता करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर एवं महिलाओं ने परिसर में पारस पीपल का पौधा रोपकर नशामुक्त समाज एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने जिवितिया पर्व पर व्रत कर रही माताओं के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

- जिवितिया पर्व पर व्रत कर रही माताओं के साथ की पूजा-अर्चना

कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति की शुरुआत अपने घर से करें। परिवार के सदस्यों को समझाएं कि नशे का सेवन स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति एवं पारिवारिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है। उन्होंने गांव के सियान एवं वरिष्ठ से युवाओं के साथ संवाद करने तथा उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने की बात कही। श्रीमती जमील ने कहा कि व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं होता, लेकिन निरंतर समझाइश और सामूहिक प्रयास से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। एक परिवार की पहल अन्य परिवारों के लिए उदाहरण बन सकती है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी के लिए नुकसानदायक है। इसलिए अपने गांव को नशामुक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक सक्रिय भूमिका निभाए। इस दौरान कलेक्टर ने नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में जानकारी देते हुए नशे से प्रभावित व्यक्तियों को उपलब्ध सहायता से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परिवार एवं समुदाय के सहयोग से ऐसे व्यक्तियों को नशे से बाहर निकलने में मदद करने की बात कही। ताकि उन्हें बेहतर जीवन मिल सके। उल्लेखनीय है कि सिद्धेश्वर मंदिर राम वन गमन परिपथ में शामिल है। स्थानीय मान्यता के अनुसार यह प्राचीन स्वयंभू शिव मंदिर है, जहां भगवान श्रीराम ने जलाभिषेक किया था। जीवितिया पर्व के अवसर पर उपस्थित माताओं एवं नागरिकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।

संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने रखा उपवास, की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना को लेकर माताओं द्वारा रखा जाने वाला जिउतिया व्रत शनिवार को मां महामाया मंदिर प्रांगण में सामूहिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत राजपुर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान जीमूतवाहन की कथा का श्रवण किया।

मां महामाया मंदिर के निज पुजारी पं. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत माताओं के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है। व्रत के दौरान माताएं अपनी संतान की दीर्घायु, स्वस्थ जीवन एवं सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। मंदिर प्रांगण में शनिवार शाम को सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया। पंडित राघवेंद्र पांडेय द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराने के साथ ही व्रत से जुड़ी भगवान जीमूतवाहन की कथा का वाचन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक पूजन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। पूजा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर अपनी संतानों के मंगलमय जीवन की कामना की।नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की माताएं एवं बहनें श्रद्धापूर्वक शामिल होती हैं।



कोयला कर्मियों को मिलेगा एक लाख 10 हजार बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया एवं उसकी सहयोगी कंपनियों में कार्यरत नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को इस वर्ष पूजा बोनस के रूप में 1 लाख 10 हजार 250 रुपये का भुगतान किया जाएगा। शनिवार को कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी (संयुक्त सलाहकार समिति) की बैठक में बोनस राशि पर सहमति बनी। बोनस का भुगतान 15 अक्टूबर तक किए जाने पर भी सहमति बनी है।

- इस बार मिलेंगे 1.10 लाख रुपये, 15 अक्टूबर तक भुगतान करने की तैयारी

जानकारी के अनुसार, इस निर्णय से करीब दो लाख कोयला कर्मी लाभान्वित होंगे। बोनस के लिए कोल इंडिया पर करीब दो हजार करोड़ रुपये का वित्तीय भार आने का अनुमान है। एक अप्रैल 2026 की स्थिति में कोल इंडिया में 1,96,753 नॉन -एग्जीक्यूटिव कर्मचारी कार्यरत हैं। चालू वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले पात्र कोयला कर्मियों को भी पीएलआर का लाभ दिया जाएगा। बोनस निर्धारण को लेकर हुई बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से चेयरमैन बी. साईं राम, निदेशक मार्केटिंग सह प्रभारी निदेशक मानव संसाधन मुकेश चौधरी, निदेशक वित्त मुकेश अग्रवाल सहित श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बीएमएस से कोल प्रभारी लक्ष्मा रेड्डी, एचएमएस से हरभजन सिंह सिद्धू, सीटू से डीडी रामानंदन और एटक से लखन लाल महतो बैठक में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कोल इंडिया की ओर से कर्मचारियों को हर वर्ष दशहरा, पूजा एवं दीपावली से पहले यह राशि दी जाती है। इसे परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवॉर्ड (पीएलआर) कहा जाता है। पिछले वर्ष कर्मचारियों को 1 लाख 3 हजार रुपये पूजा बोनस मिला था। इस वर्ष राशि में 7,250 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। बोनस की राशि वितरण के बाद बाजार के भी गुलजार होने की उम्मीद है।ज्ञात हो कि हर साल दिए जाने वाला पूजा बोनस को लेकर जहां कोयला कर्मियों एवं उनके परिवार में उत्साह और उम्मीद का वातावरण रहता है वही व्यापारी वर्ग भी बोनस को लेकर उसे भी खासी उम्मीद रहती है।

दिपावली पर्व से पहले ठेका श्रमिकों को मिलेगा बोनस, एपेक्स जेसीसी में बनी सहमति

कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत हजारों ठेका श्रमिकों के लिए दिपावली से पहले राहत की खबर सामने आई है। ठेका श्रमिकों के बोनस एवं परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव को लेकर 3 अक्टूबर को कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय में आयोजित एपेक्स जेसीसी की द्विपक्षीय बैठक में महत्वपूर्ण सहमति बनी है। बैठक में तय प्रावधान के अनुसार कोड ऑन वेज 2019 में बोनस से संबंधित 8.33 प्रतिशत के प्रावधान के अनुरूप पात्र ठेका श्रमिकों को बोनस का भुगतान किया जाएगा। वहीं खनन गतिविधियों में लगे ऐसे ठेका श्रमिक, जिनका वेतन बोनस भुगतान के लिए निर्धारित वैधानिक सीमा से अधिक है, उन्हें पूर्व में जारी प्रावधानों तथा 29 मई 2025 को जारी स्पष्टीकरण के अनुरूप पीएलआई का भुगतान किया जाएगा। बैठक में भुगतान की समयसीमा को लेकर भी स्पष्ट व्यवस्था की गई है। ठेकेदारों द्वारा उनके अधीन कार्यरत पात्र ठेका श्रमिकों को बोनस अथवा पीएलआई का भुगतान दिवाली से पहले किया जाना है। इससे कोल इंडिया की विभिन्न परियोजनाओं, खदानों और अनुषंगी कंपनियों में ठेका व्यवस्था के तहत काम कर रहे श्रमिकों को त्योहारी सीजन में आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। ठेका श्रमिकों के बोनस और पीएलआई का मुद्दा सीआईएल एपेक्स जेसीसी में शामिल केंद्रीय ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने बैठक के दौरान प्रमुखता से उठाया। श्रमिक संगठनों का कहना था कि कोयला उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों में ठेका श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, ऐसे में उनके बोनस एवं प्रोत्साहन भुगतान को लेकर स्पष्ट व्यवस्था आवश्यक है। इसी क्रम में प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच विस्तृत चर्चा के बाद भुगतान संबंधी प्रावधान तय किए गए।कोल इंडिया की खदानों और परियोजनाओं में बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक विभिन्न कार्यों में योगदान देते हैं।ज्ञात हो कि कोल कर्मियों के निर्धारित बोनस की राशि 1,10,250 रुपए को भी 15 अक्टूबर तक खाते में भेजे जाने का निर्णय एपेक्स जेसीसी की बैठक में ही लिया गया है।

पृष्ठ 1 का शेष

दूरस्थ गांवों को...

दुकानदार और व्यापार से जुड़े लोगों के लिए भी नियमित परिवहन सुविधा ने आवाजाही को सुगम बनाया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों और प्रमुख बाजारों के बीच संपर्क मजबूत हो रहा है।

मरीजों को अस्पताल पहुंचने में राहत- ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर परिवहन सुविधा का महत्वपूर्ण लाभ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के रूप में सामने आ रहा है। दूरस्थ गांवों से मरीजों और उनके परिजनों के लिए अस्पताल तथा स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचना अपेक्षाकृत आसान हुआ है। समय पर उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंच जरूरी होती है और नियमित बस सेवा ऐसे परिवारों के लिए राहत का माध्यम बन रही है, जिन्हें निजी वाहन या महंगे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था।

कोयला श्रमिकों को...

श्रमिक संगठनों के सामने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। हिंद मजदूर सभा की ओर से कहा गया है कि ठेका श्रमिकों को उनके योगदान के अनुरूप वर्ष 2025-26 के पीएलआई का भुगतान उनकी पात्रता के अनुसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। साथ ही श्रमिकों को यह भी जागरूक रहने की आवश्यकता है कि भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार के बिचौलिए या अन्य व्यक्ति द्वारा उनका आर्थिक शोषण न किया जा सके। संगठन का कहना है कि श्रमिकों की एकजुटता और ताकत के कारण ही मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से प्रबंधन एवं संबंधित स्तरों पर रखा जा सका है। आने वाले समय में भी श्रमिकों के अधिकार और उन्हें मिलने वाले वैधानिक एवं निर्धारित लाभों को लेकर संगठन अपनी भूमिका निभाता रहेगा। जानकारी के अनुसार पीएलआर की राशि 15 अक्टूबर 2026 तक कर्मचारियों के बैंक खातों में पहुंचने की उम्मीद है। भुगतान को लेकर श्रमिकों में उत्सुकता बनी हुई है। वहीं ठेका श्रमिक अपने पीएलआई भुगतान को लेकर भी स्पष्टता और पारदर्शिता की उम्मीद कर रहे हैं। श्रमिक संगठन की ओर से एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के कोयला कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को पीएलआर एवं पीएलआई भुगतान के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। संगठन ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और उनके योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें मिलने वाले प्रत्येक निर्धारित लाभ का भुगतान समय पर और पारदर्शी तरीके से होना चाहिए।

महिलाओं की भूमिका...

वाली एक हजार रुपये की राशि को वह अपनी बेटी के नाम सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर रही हैं। इससे उन्हें बेटी के भविष्य के लिए बचत करने में मदद मिल रही है शिक्षक पढ़ाई के साथ खेल, सामान्य ज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए करें प्रेरित विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने शिक्षा के संबंध में कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों को सामान्य ज्ञान, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी रुचि और प्रतिभा को पहचानना जरूरी है। कलेक्टर श्रीमती रोकित्मा यादव ने कहा कि सेवा सेतु शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को हर छोटे-बड़े काम के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता न पड़े, इसी उद्देश्य से शासन स्वयं आपके द्वार पहुंचकर सीधे संवाद कर रहा है और समस्याओं के निराकरण की पहल कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में लगाए गए विभागीय स्टॉलों का लाभ लेने और पात्रता के अनुसार योजनाओं के लिए आवेदन करने की अपील की।

स्वास्थ्य जांच के साथ गोद भराई और अन्नप्राशन- शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। श्रम विभाग की योजना के तहत पात्र हितग्राही को 40 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक, कलेक्टर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिशुओं को अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की। इस दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के संबंध में जानकारी दी गई।

वीएम कॉलेज में प्रतिजैविक प्रतिरोध औषधियों के उपयोग हेतु जागरूकता सप्ताह

बिश्रामपुर। वीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी जयनगर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत छह गतिविधियों का आयोजन 25 सितंबर से 3 अक्टूबर तक किया गया। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य विषय प्रतिजैविक प्रतिरोध सावधानी से उपयोग करें और उनकी शक्ति को सुरक्षित रखें का रहा। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिजैविक प्रतिरोध, प्रतिजैविक औषधियों के उपयोग तथा फार्मासिस्ट की सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

सप्ताहभर चले आयोजन में विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, ज्ञान, संचार कौशल एवं टीम भावना प्रदर्शित करने के लिए छह प्रमुख प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। सर्वप्रथम वैज्ञानिक कार्टून प्रतियोगिता के आयोजन पश्चात पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न स्वास्थ्य एवं फार्मेसी संबंधी विषयों पर पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्टर के माध्यम से रोग-विज्ञान एवं निगरानी, संरक्षण एवं तर्कसंगत उपयोग, संक्रमण नियंत्रण एवं टीकाकरण, एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल स्वास्थ्य तथा नवीन उपचार पद्धतियां एवं परिशुद्ध चिकित्सा जैसे विषयों को प्रस्तुत किया गया,तीसरी गतिविधि फार्मा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, मौखिक एवं संवादात्मक, त्वरित उत्तर, घंटी आधारित तथा प्रकरण आधारित चरणों के माध्यम से विद्यार्थियों के फार्मेसी एवं स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान का परीक्षण किया गया।







ऑरा इंडिया टूर : सात शहरों में होंगे दिलजीत के कॉन्सर्ट

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का मोस्ट अवेटेड 'ऑरा इंडिया टूर 2026' आने वाला है। कुछ महीनों पहले ही गायक ने लंदन के वेम्बली में परफॉर्म करते हुए यह ऐलान किया था कि वह अहमदाबाद में जल्द कॉन्सर्ट करने जा रहे हैं। दरअसल, दिलजीत देश के सात शहरों में परफॉर्म करने वाले हैं। यह टूर नवंबर और दिसंबर में होगा। सिर्फ इतना ही नहीं, इसकी टिकट और तारीखों का ऐलान भी हो गया है। भारत में यह टूर 1 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर से शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर को इंदौर, 21 नवंबर को अहमदाबाद, 27 नवंबर को मुंबई, 29 नवंबर को बेंगलुरु और 5 दिसंबर को लखनऊ में शो होगा।

लाइफ Style

मृणाल

घर की अलमारी से चुराती थीं घड़ियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इन दिनों फिल्म 'पूजा मेरी जान' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें बताया कि वह अपनी मां की अलमारी से घड़ियां चुरा लेती थीं। साथ ही उन्होंने इसकी वजह भी बताई है।

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अभिनय के साथ-साथ अक्सर अपने क्लासिक फैशन सेंस को लेकर भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें क्लासिक घड़ियों से बहुत प्यार है और यह प्यार उनको उनकी मां से मिला, जिन्हें वह क्लासिक लेडी कहती हैं। मृणाल ने बताया कि कई बार खास मौकों के लिए वह अपनी मां की अलमारी से उनकी घड़ियां चुरा लिया करती थीं। एएनआई से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी मां ने मुझे बिगाड़ दिया, क्योंकि वह हमेशा से एक क्लासिक महिला रही हैं। कई बार अपने सबसे खास मौकों के लिए मैं उनकी घड़ी चुरा लेती थी। दरअसल, अभिनेत्री वसंत कुंज के डीएलएफ प्रोमेनेड में टिसॉट बुटीक के लॉन्च पर पहुंची थीं। वहां एक्ट्रेस ने कहा कि अब वह रेड-कार्पेट अपीयरेंस और फॉर्मल मीटिंग से लेकर डिनर तक अलग-अलग मौकों पर अपने कलेक्शन की घड़ियों को शामिल करने की योजना बना रही हैं। मृणाल के लिए घड़ी सिर्फ समय देखने की चीज नहीं है। वह इसे एक जरूरी एक्सेसरी मानती हैं, जो उनके व्यक्तित्व और पहचान को दिखाने में मदद करती है और उनके सादे स्टाइल को पूरा करती है।



हॉलीवुड मसाला



डिगर के फ्लॉप पर नहीं हैं दुखी

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की बहुप्रतिक्षित फिल्म 'डिगर' की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर संतोषजनक नहीं रही। मगर फिल्म के इस प्रदर्शन से एक्टर के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीर शेयर करने साथ टीम के लिए एक भावुक पोस्ट साझा किया। बीते शनिवार टॉम क्रूज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने इन फोटोज के साथ अपनी टीम के लिए एक प्यार भरा कैप्शन लिखा।




इस्लाम विरोधी बयान से कॅरियर हो गया खत्म

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी एक्ट्रेस सेल्मा ब्लेयर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। क्रूएल इंटेंशन्स, लीगली ब्लॉन्ड, द स्वीटेस्ट थिंग और हेलबॉय फ्रेंचाइजी फेम सेल्मा ब्लेयर ने बताया है कि दो साल पहले 'इस्लाम-विरोधी' बयान के बाद उन्हें न सिर्फ सोशल मीडिया पर लोगों की खूब आलोचना झेलनी पड़ी, बल्कि इसने उनके हॉलीवुड कॅरियर को भी 'खत्म' कर दिया। 54 साल की सेल्मा ब्लेयर हाल ही द ज्यूइश म्यूजियम में एंटी-डिफेमेशन लीग के 'स्टेट ऑफ द आर्ट्स' कार्यक्रम में पहुंची थीं, जहां उनका कॅरियर को लेकर दर्द छलका। सेल्मा ब्लेयर ने दो साल पहले फरवरी 2024 में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान सीरियाई-यहूदी शरणार्थी अब्राहम हमरा के एक इंस्ट्राग्राम वीडिया पर 'एंटी-इस्लाम' कमेंट किया था। अब सेल्मा ब्लेयर ने इवेंट में कहा, 'मैं जानती हूं कि सब कुछ खत्म हो जाने का एहसास कैसा होता है।



हिंदी फिल्मों का गणित बिगाड़ेगी 'ओम'

नई दिल्ली। तेरे इश्क में और कारा जैसी कई शानदार फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता धनुष लंबे समय से अपनी अपकमिंग मूवी ओम चैप्टर-1 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 16 अक्टूबर को ओम चैप्टर-1 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन , ओम चैप्टर-1 को 26 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। ओम चैप्टर-1 अब नई रिलीज डेट 26 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस जिसका कारण इसी महीने (अक्टूबर) रिलीज होने वालीं कई बड़ी तमिल फिल्में हैं। 26 नवंबर को ओम चैप्टर-1 को रिलीज किया जाना है और इसके अगले दिन इमरान हाशमी की गनमास्टर जी9 और आयुष्मान खुराना की ये प्रेम मोल लिया आ रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों मूवीज के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।



आर माधवन ने खोला यादों का पिटारा

मुंबई। चर्चित अभिनेता आर माधवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। लगता है रविवार को फुरसत के पलों में उन्होंने अपना पुराना एल्बम खोल लिया है। इससे कुछ अनदेखी तस्वीरें उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर करते हुए एक वीडयो कोलाज पोस्ट किया है। इसमें उनके पुराने दिनों की तस्वीरें हैं, जब दोस्तों की महफिलें सजा करती थीं। तस्वीरों के साथ एक्टर ने लिखा है, 'पुराने दिन'। आर माधवन की इन तस्वीरों में उनकी पत्नी सरिता बिरजे भी नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में आर माधवन अपनी मॉडिफाइड बाइक पर सवार होकर पोज देते दिख रहे हैं। यादों की गुल्लक खोलते हुए आर माधवन ने अपने सभी दोस्तों को भी पोस्ट में टैग किया है।

टीवी मसाला



राइज एंड फॉल 2: झगड़ा खत्म कर स्वरा के फिटनेस कोच बने शहजाद

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर फिलहाल रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 का हिस्सा है। अब हाल ही में वहां से एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी बेटी राबिया को याद करते हुए रोते नजर आईं और तेज प्रताप यादव अभिनेत्री को चुप करवाते दिखाई दिए। स्वरा भास्कर के लिए काम की वजह से अपनी छोटी सी बेटी से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। एक वीडियो सामने आया, जिसमें शहजाद और स्वारा के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखी। शो की शुरुआत में स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला के बीच अच्छे रिश्ते देखने को नहीं मिले थे। लेकिन जैसे-जैसे यह शो आगे बढ़ रहा है, दोनों के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में शहजाद पूनावाला अभिनेत्री के फिटनेस कोच बने नजर आए। बता दें कि दोनों के बीच शो से बाहर राजनीति ओपिनियन को लेकर टकराव होते रहते हैं। शो का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस रोती हुई नजर आ रही हैं। वह बार-बार अपनी बेटी राबिया की फोटो देखने या उसका चेहरा देखने की गुजारिश करती दिखाई दीं। जब शो में उनके साथ मौजूद गौतम गुलाटी ने पूछा कि वह इतनी इमोशनल क्यों हो गईं, तो स्वरा ने कहा, 'किसी ने सुशी कहा और मुझे अपनी बेटी की याद आ गई।' स्वरा ने आगे कहा, 'यार उसका फेस दिखा दो, उसकी फोटो दिखा दो प्लीज।' उनकी इस बात से साफ पता चला कि रियलिटी शो के दौरान वह अपनी बेटी को कितना याद कर रही हैं।

तुलसी और मिहिर का शो होगा बंद?

नई दिल्ली। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' 29 जुलाई 2025 को शुरू हुआ था। टीवी के साथ-साथ इस बार यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम हुआ। पहले पार्ट की अधिकांश कास्ट शो का हिस्सा बनी और साथ ही नई पीढ़ी के रूप में कुछ नए सितारे जुड़े। इस बार भी इस शो को भर-भरकर प्यार मिला। मगर, चर्चा है कि यह शो अब अलविदा कहने वाला है। बंद होने की चर्चाओं के बीच शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी एक पोस्ट शेयर किया है।




एकता कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने सीरियल की टीम के साथ एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस काम में शामिल सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया। बस अभी 'क्योंकि...' का आखिरी एपिसोड लिखना खत्म किया है। क्या यह वाकई आखिरी है? एकता कपूर ने आखिरी एपिसोड का जिक्र तो किया है, मगर साथ ही सवाल भी छोड़ दिया है। ऐसे में नेटिजंस पूछ रहे हैं कि क्या वाकई शो बंद हो रहा है? 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में नोयना का किरदार अदा करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कमेंट कर एकता कपूर का शुक्रिया अदा किया है।

1991 में ही बना दी थी टाइम ट्रेवल पर फिल्म

नई दिल्ली। डायरेक्टर सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। सिंगीथम श्रीनिवास को पुष्पक विमाना, आदित्य 369 और सिंग गीथम जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता था। सिंगीथम श्रीनिवास का जन्म आंध्र प्रदेश के उदयगिरि, नेल्लोर में 21 सितंबर, 1931 को हुआ था। उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा में क्रांति लाने के लिए जाना जाता है। सिंगीथम ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में करीब 60 फिल्में डायरेक्ट की हैं।

डायरेक्टर के तौर पर किया था डेब्यू

सिंगीथम श्रीनिवास ने साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म नीति नियति से डायरेक्टर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। ये तेलुगु भाषा की एक कॉमेडी फिल्म थी। फिल्म को डायरेक्ट करने के साथ-साथ सिंगीथम श्रीनिवास ने फिल्म को लिखा भी था।



94 की उम्र में भी डायरेक्ट की थी फिल्म

सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा। उनकी आखिरी फिल्म सिंग गीथम इस साल रिलीज हुई। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर सकते हैं। फिल्म में अहिल्या बमरू, अयान और मणि कृष्ण जैसे कलाकार नजर आए हैं।

पॉपुलर फिल्में

पुष्पक विमानाः साल 1987 में रिलीज हुई पुष्पक विमाना में कमल हासन लीड रोल में नजर आए थे। पुष्पक विमाना एक डार्क कॉमेडी फिल्म थी। इस फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड समेत कुल 7 अवॉर्ड्स जीते थे। 1988 में श्रीनिवास को बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म की खास बात ये थी कि इस फिल्म में कोई भी डायलॉग नहीं थे।

जीते कई अवॉर्ड्स

श्रीनिवास राव ने अपने शानदार कॅरियर में कई प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स अपने नाम किए। श्रीनिवास ने दो नेशनल अवॉर्ड्स (पुष्पक विमाना और दिक्कत्रा पार्वती), तीन नंदी अवॉर्ड्स (मयूरी, वृंदावनम और भैरव द्वीपम), फिल्म हालू जेनू के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार जैसे अवॉर्ड्स जीते। इसी के साथ, 19वें चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (2021) में उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। साल 2011 में फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

नीतू ने बैक साइड की फोटो लेने पर तंज भरे लहजे में किया सवाल

मुंबई। नेहा धूपिया और सलमान खान के बाद अब नीतू कपूर ने पैपराजी के बैक साइड की फोटो लेने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कैमरामैन से तंज भरे लहजे में सवाल किया है। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने पैपराजी के उस चलन पर सवाल उठाया है, जिसमें वे अभिनेत्रियों से कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने के लिए कहते हैं। रविवार को वह मुंबई में नजर आईं। उन्होंने फोटोग्राफर्स के पीछे से फोटो लेने की गुजारिश पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या उन्हें ऐसे शॉट्स लेने में खास मजा आता है? जब नीतू कपूर एक जगह से बाहर निकलीं और अपनी कार की ओर जा रही थीं, तो वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उनसे कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने को कहा। ऐसा करने के बजाय, अभिनेत्री मुड़ीं और तंज भरे अंदाज में उनसे इस गुजारिश के बारे में पूछा। नीतू ने कहा, 'आपको यह बहुत अच्छा लगता है ना, 'बैक'?' पैपराजी ने इस पर ना में जवाब दिया। इसके बाद नीतू अपनी कार में बैठीं और दरवाजा बंद कर लिया। नीतू कपूर का यह रिएक्शन तब आया है, जब नेहा धूपिया ने फोटोग्राफर्स की तरफ से अभिनेत्रियों की गलत तरीके से बैक शॉट्स लेने पर आपत्ति जताई। मुंबई में एक अवॉर्ड इवेंट के दौरान, नेहा ने पैपराजी से सवाल किया और इस हरकत पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'तुम लोगों में से बदतमीजी से बैकशॉट कौन लेता है? बंद करो।' नेहा ने साफ किया कि उनकी आपत्ति सिर्फ अपने अनुभव तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह उन महिलाओं की तरफ से बोल रही थीं जिन्होंने फोटोग्राफरों से बार-बार रुकने के लिए कहा था और जो 'बार-बार यह कहते-कहते थक चुकी थीं।' सलमान खान ने भी 'बिग बॉस 20' में इस मुद्दे पर बात की।



बॉलीवुड में एक शब्द ने बदल दी फिल्मों की कहानियां

हिंदी सिनेमा का 'दिल': कभी दीवाना, कभी पागल, कभी बदतमीज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में 1946 से लेकर 2026 तक ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें 'दिल' शब्द का अलग-अलग कहानी को बयां करने के लिए किया गया है। ऐसे कई शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल टाइटल में करते हुए हिंदी सिनेमा में बहुत सारी फिल्में बनी। 'दिल' भी उन्हीं में से एक है। पर्दे पर जब किसी किरदार ने प्यार किया, तो टाइटल 'दिल' पड़ गया। जब प्रेम अधूरा रहा, तो 'हम दिल दे चुके सनम' हो गया और जब किसी ने अपनी राह खुद चुनी, तो 'चांद मेरा दिल' बन गया। लगभग 80 वर्षों में साल दर साल इस एक शब्द ने किसी न किसी तरह अलग-अलग टाइटल के साथ जुड़कर बॉलीवुड को कई कहानियां दीं। सिर्फ इतना ही नहीं, दशकों के सफर में प्यार की परिभाषा बदली, रिश्तों का स्वरूप बदला, नायक-नायिका बदले, कहानियों का अंदाज बदला, लेकिन दिल अपनी जगह बना रहा। खास बात ये है कि यह सफर सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। बल्कि, फिल्मों के गाने और टीवी शो में भी इसका खूब इस्तेमाल हुआ।

जब दिल से हुई शुरुआत

हिंदी सिनेमा के इतिहास में 'दिल' शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले 1946 में रिलीज हुई फिल्म के टाइटल में हुआ था। इस फिल्म का नाम ही 'दिल' था। इस फिल्म का निर्देशन एस. एफ. हसनैन ने किया था और इसमें नूरजहां, अमीना नजर आए थे। यह ब्लैक एंड व्हाइट ड्रामा फिल्म थी।

1950-60 के दशक में कैसे हुआ दिल का इस्तेमाल

1950 और 1960 के दशक में 'दिल' वाले फिल्मी टाइटल तेजी से बढ़े। 1959 में आई 'दिल देके देखो'। अगले ही साल 'दिल अपना और प्रीत पराई' आई, जिसका टाइटल ही प्रेम और सामाजिक रिश्तों के बीच तनाव को सामने रखता है। 1960 में ही 'दिल भी तेरा हम भी तेरे', 1962 में 'दिल तेरा दीवाना', 1963 में 'दिल एक मंदिर', 'दिल एक सौ अफसाने' और 1966 में 'दिल दिया दर्द लिया' जैसे टाइटल ने इस शब्द को अलग-अलग इमोशनल मीनिंग दिए। यानी 'दिल' एक ही दशक में कई रूप ले चुका था, जिसमें वह कभी दीवाना बना, तो कभी मंदिर और उसी ने दर्द भी दिया।



80 के दशक में 'दिल' गानों में हुआ ज्यादा इस्तेमाल

1980 के दशक में फिल्मों के नामों में 'दिल' मौजूद रहा, लेकिन इस दौर में दिल की सबसे बड़ी ताकत गानों में दिखाई दी। दिल के झरोखे में, दिल क्या करे, दिलबर मेरे, मेरा दिल भी कितना पागल है जैसे गानों ने दिल को प्रेम की भाषा से आगे बढ़ाकर व्यक्तिगत भावनाओं की भाषा बनाया।

70 के दशक में बदलने लगी दिल की दुनिया : 1970 के दशक तक हिंदी सिनेमा में रोमांस के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक संघर्ष भी मजबूत हो रहे थे। ऐसे में आई 1972 में 'दिल दौलत दुनिया', 1978 में 'दिल और दीवार', 'दिल से मिले दिल', 1979 में 'दिल का हीरा'। इनके साथ 'दिल' अब केवल प्रेम कहानी का शब्द नहीं रह गया था। अब दिल को दौलत, दुनिया, दीवार, हीरे और रिश्तों के साथ रखा जा रहा था।

90 के दशक में हुआ 'दिल' का रोमांटिक विस्फोट

अगर हिंदी सिनेमा के इतिहास में किसी एक दशक को 'दिल का दशक' कहा जाए, तो वह 1990 का दशक होगा। इस साल इंद्र कुमार की 1990 में 'दिल' आई। आमिर खान और माधुरी दीक्षित की यह फिल्म प्रेम, परिवार, अहंकार और सामाजिक हैसियत के टकराव की कहानी थी। फिर 1991 'दिल है कि मानता नहीं' आई। इसमें आमिर खान और पूजा भट्ट नजर आए। इसके बाद 1993 में दिल तेरा आशिक, 1994 में दिलवाले, 1995 में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे आई। इसमें लोगों को राज और सिमरन की कहानी देखने को मिली, जो आज भी बहुत मशहूर है। 1997 में दिल तो पागल है आई। 1998 में 'दिल से' ने दस्तक दी। इसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला नजर आए। 1999 में 'हम दिल दे चुके सनम' और 'दिल क्या करे' ने दस्तक दी।

2000-26 के दशक में दोस्ती से जुड़ा दिल का खेल

साल 2000 में 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' और 'हमारा दिल आपके पास है' आई। इसके बाद 2001 में दिल दोस्त चाहता है, 2002 में दिल है तुम्हारा, 2003 में दिल का रिश्ता और ये दिल आई। साल 2004 में दिल मांगे मोर, 2005 में दिल जो भी कहे, 2006 में दिल दिया है आई। 2007 में दिल दोस्ती **Etc**', 2008 में दिल कबड्डी'और 2009 में दिल बोले हडिप्पा आई। साल 2011 से लेकर 2026 तक में दिल टाइटल के साथ दिल तो बच्चा है जी, दिल धड़कने दो, ऐ दिल है मुश्किल, पल पल दिल के पास, दिल बेचारा, दिल दोस्ती और डॉग्स जैसी फिल्में आई।

खबर संक्षेप

एमसीबी में अब तक 1216.9 मिमी औसत वर्षा

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले में 1 जून से 05 अक्टूबर 2026 तक 1216.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में कोटाडोल तहसील में सर्वाधिक 1599.5 मिमी, जबकि खड़गवां में न्यूनतम 918.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों के अनुसार मनेन्द्रगढ़ में 1152.9 मिमी, चिरमिरी में 1101.9 मिमी, केल्हारी में 990.8 मिमी, भरतपुर में 1538.0 मिमी तथा कोटाडोल में 1599.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

जिला साहू संघ ने किया सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान



अंबिकापुर। जिला साहू संघ के संयोजन में संभाग स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन भामाशाह छात्रावास साहू धर्मशाला में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केआर साहू तथा विशिष्ट अतिथि रघुनाथ प्रसाद साहू एवं सुखदेव साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ सरगुजा के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त माता कर्मा के छायाचित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। समारोह में सरगुजा संभाग के छह जिलों के जिला अध्यक्षों की विशेष उपस्थिति रही। इनमें जिला साहू संघ सरगुजा के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, जशपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, बलरामपुर के अध्यक्ष बंशीधर गुप्ता, सूरजपुर के अध्यक्ष रामलल्लू साहू, कोरिया के अध्यक्ष जगदीश साहू एवं एमसीबी जिले के अध्यक्ष मनमोहन साहू शामिल हुए। इसके अतिरिक्त प्रदेश कार्यकारी सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष बनारसी लाल गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष रामविलास साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामसेवक गुप्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष केके गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष संजय गुप्ता, लुंड्रा के देव कुमार गुप्ता सहित संभाग के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि 2 अक्टूबर को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं, जिन्होंने सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा के माध्यम से पूरी दुनिया को मानवता का संदेश दिया। आज जिन सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है, उन्होंने अपना अमूल्य जीवन विद्यार्थियों और समाज के निर्माण में समर्पित किया है।

निधन

अशोक ठाकुर



बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले के बचरापोड़ी निवासी अशोक ठाकुर का सोमवार को तड़के आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार दोपहर में गृह ग्राम बचरापोड़ी के मुक्तिधाम में किया गया। स्व. ठाकुर बचरापोड़ी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रोशन ठाकुर के पिता थे। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में परिजन व लोग शामिल हुए।

साकेत सदन में संगठनात्मक बैठक, विधायक रामकुमार पहुंचे

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को कोयलांचल क्षेत्र चरचा कॉलरी स्थित साकेत सदन में भाजपा मंडल शिवपुर-चरचा द्वारा संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओ की भूमिका तथा चुनावी रणनीति को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर विधायक एवं नगरीय निकाय चुनाव चरचा प्रभारी रामकुमार टोप्पो रहे। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, महामंत्री पंकज गुप्ता, चुनाव सह प्रभारी रितेश गुप्ता, श्रीमती फुलेश्वरी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, पार्षद प्रदीप तिवारी, रामकली पाल, कुण्डल साय, संजय देवांगन, धर्मपाल, दीपा राजेश सिंह, सचिन मलिक, मुन्ना राम चक्रधारी, तीरथ राजवाड़े, आदित्य जायसवाल तथा युवा मोर्चा अध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व नगरीय निकाय चुनाव चरचा के प्रभारी एवं सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो के चरचा आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पुराना थाना चरचा से साकेत सदन तक भव्य बाइक रैली निकाली गई। कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद व्हीटीसी कोरिया नीर में महिला शक्ति द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा पदयात्रा के साथ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को साकेत सदन स्थित कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। साकेत सदन पहुंचने पर भाजपा मंडल शिवपुर-चरचा की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यकर्ताओ के उत्साह और बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी से कार्यक्रम स्थल पर चुनावी माहौल नजर आया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि चुनाव केवल किसी एक पार्टी या उसके कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता की भागीदारी में निहित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण किसी एक व्यक्ति के प्रयास से संभव नहीं है। इसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में संगठन की विचारधारा के साथ-साथ विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंचें। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं, अपेक्षाओं और जरूरतों को समझे तथा उन्हें संगठन के समक्ष रखे। उन्होंने कहा कि जनता के बीच निरंतर संपर्क और संवाद ही संगठन को मजबूत आधार प्रदान करता है। विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपने सैन्य जीवन के अनुभव भी कार्यकर्ताओ के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि उनका मूल सपना सेना में जाकर देश की सेवा करना था। सैन्य सेवा के दौरान उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में कठिन परिस्थितियों में कार्य करने का अवसर मिला। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तथा गुजरात से लेकर मणिपुर तक अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा करते हुए उन्होंने देश की विविधता और परिस्थितियों को करीब से समझा।

उन्होंने आतंकवाद विरोधी अभियानों में अपनी भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि सैन्य सेवा उनके जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय रही है। उन्होंने बताया कि देश सेवा के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया गया। वर्ष 2023 में सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में कदम रखा। विधायक टोप्पो ने अपने संबोधन के दौरान मां से जुड़ा भावुक प्रसंग भी साझा किया। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि आज के युवाओं के पास देश के भविष्य को लेकर सोचने और अपनी भूमिका तय करने का अवसर है। विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प है।

शिविर में ग्रामीणों को मिली एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं



मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक सेवाओं का लाभ लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैशाली सिंह, तहसीलदार श्रुति धुर्वे, समीर शर्मा, जनपद सदस्य, समस्त सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैशाली सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु शिविर शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल है।

टोनही प्रताड़ना के आरोप में चार महिला गिरफ्तार महिला से मारपीट कर पेड़ से बांधने का आरोप

हरिभूमि न्यूज : रामानुजनगर



ग्राम परशुरामपुर में एक महिला के साथ टोनही प्रताड़ना, मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक रिमांड जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम परशुरामपुर निवासी करीब 40 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के सामने काम कर रही थी। इसी दौरान जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर पड़ोस की महिला सहित अन्य लोग उसके पास पहुंचे और कथित रूप से उसे टोनही कहकर गाली-गलौज करने लगे। शिकायत में पीड़ित महिला ने आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा उसे टोनही बताकर प्रताड़ित किया। महिला का आरोप है कि उसके बाल पकड़कर मारपीट की गई और बाद में उसे घर के सामने स्थित आम के पेड़ से साड़ी के सहारे बांध दिया गया। इस दौरान अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के दौरान परिजन एवं आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव किया गया। शिकायत के आधार पर रामानुजनगर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं तथा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही पीड़िता एवं गवाहों के कथन दर्ज किए। विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में ग्राम परशुरामपुर निवासी धननतिया पति रघुनाथ (56 वर्ष), सोमरत पति कृष्णा सिंह (28 वर्ष), नन्नी बाई पति रामनरेश उर्फ रामू (23 वर्ष) तथा सुंती पति सुनार(40 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

सामूहिक विवाह को करें प्रोत्साहित- रविशंकर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



रजवार समाज जिला समिति के अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े ने समाज में अनावश्यक विवाह खर्च को कम करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के नवयुवक-नवयुवतियां सामूहिक विवाह के माध्यम से विवाह करें, जिससे आर्थिक बोझ कम होने के साथ समाज में एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होगी।

इस अवसर पर रविशंकर राजवाड़े ने सामूहिक विवाह करने वाले नवयुगलों के विवाह का समस्त व्यय स्वयं वहन करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। उनकी इस पहल को उपस्थित समाजजनों ने सामाजिक हित में एक अनुकरणीय एवं सराहनीय कदम बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया। समाजजनों ने कहा कि ऐसी पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संबल मिलेगा तथा समाज में सादगीपूर्ण विवाह, सामाजिक एकता और परस्पर सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने समाजहित में जनजागरूकता के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। रजवार समाज की जिलेभर में लगभग 100 ग्राम समितियां गठित हैं। प्रत्येक ग्राम समिति में अध्यक्ष, सचिव सहित करीब 20 पदाधिकारी सामाजिक स्वयंसेवक के रूप में समाज में जनजागरण एवं सामाजिक उत्थान का कार्य कर रहे हैं। बैठक में जिला प्रभारी आनंद राजवाड़े, श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, क्षेत्र प्रतिनिधि श्रीमती रामबाई राजवाड़े, ग्राम समिति जूनापारा के अध्यक्ष बहादुर राजवाड़े, ग्राम बिशुनपुर के अध्यक्ष रामजतन राजवाड़े, क्षेत्र समिति निरीक्षक नेतलाल राजवाड़े, उपकोषाध्यक्ष सुरेन्द्र राजवाड़े, वरिष्ठ शिक्षक लखन राजवाड़े, बंशीलाल राजवाड़े, अशोक राजवाड़े, बनारसी राजवाड़े सहित नारी शक्ति से श्रीमती हिमालय राजवाड़े एवं श्रीमती कामेश्वरी राजवाड़े आदि मौजूद रहे।

चिरमिरी-खड़गवां प्रेस क्लब का सम्मान, मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



चिरमिरी-खड़गवां प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित सम्मान एवं मिलन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में चिरमिरी, खड़गवां एवं कोरिया जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। पत्रकारों के बीच आपसी संवाद, समन्वय और पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सहित कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुभाष कश्यप, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, संजय सिंह, पुरुषोत्तम सोनकर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के समारोह स्थल पर पहुंचने पर पत्रकारों एवं आयोजकों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय पत्रकारों के योगदान को सम्मानित किया गया। पत्रकारों को पुष्पमाला, पेन-डायरी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों ने अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। पत्रकारों ने कहा कि समाचार कवरेज के दौरान कई बार सुरक्षा से जुड़ी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पत्रकारों के अधिकार, कानून से जुड़े महत्वपूर्ण विषय, समाचार संकलन के दौरान आने वाली परेशानियां तथा पत्रकारों के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पत्रकारों ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और निष्पक्ष तथा निर्भीक पत्रकारिता के लिए अनुकूल वातावरण आवश्यक है। समारोह में चिरमिरी प्रेस क्लब के भवन निर्माण एवं आवश्यक सुविधाओं का मुद्दा भी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के समक्ष रखा गया। पत्रकारों ने प्रेस क्लब के लिए स्थायी भवन तथा पत्रकारों से संबंधित आवश्यक सुविधाओं की आवश्यकता बताते हुए इसके लिए सहयोग और पहल करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान चिरमिरी-खड़गवां प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय की भूमिका की भी सराहना की गई। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पत्रकारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसी भी पत्रकार को किसी प्रकार की परेशानी अथवा समस्या आने पर सरकार उनके साथ रहेगी। पत्रकारों के हित एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा तथा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

सड़क एवं पुल निर्माण का विधायक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट



सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपने मैनपाट दौरे के दौरान क्षेत्र में चल रहे सड़क एवं पुल निर्माण कार्य का अचानक निरीक्षण किया।

- गुणवत्ता में कमियां देख जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमियां नजर आने पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार, मैनपाट के बरिमा से कुदरीडीह मार्ग पर लंबे समय बाद सड़क एवं पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे इस निर्माण कार्य के पास से गुजरते समय विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपना काफिला रुकवाया और मौके पर पहुंचकर पुल निर्माण का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण सामग्री, कार्य की गुणवत्ता एवं निर्माण प्रक्रिया को देखा। इस दौरान उन्हें कई कमियां नजर आईं। इस पर उन्होंने मौके से ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर चर्चा की और निर्माण कार्य की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

जिला पंचायत कोरिया की सामान्य सभा बैठक

जन सहभागिता से पूरा होगा सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कोरिया जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की अध्यक्षता में संपन्न सामान्य सभा की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में आम नागरिकों से जुड़ी मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास ने सभा में उपस्थित विभाग प्रमुखों को जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन के पटल पर रखे गए विषयों पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित अन्य सदस्य और सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

बैठक के आरंभ में गत माह आयोजित की गई सामान्य सभा बैठक में रखे गए विषयों पर संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया। इसके बाद जिला पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा अपने क्षेत्र में दर्ज कराई गई आवश्यकताओं को सदन के पटल पर रखा। अध्यक्ष मोहित पैकरा ने सभी विभाग प्रमुखों को जनप्रतिनिधियों द्वारा सूचित विषयों पर जल्द कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सदन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने कहा कि पूरा देश सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अपने विकास की गाथा से जुड़ रहा है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि शासन द्वारा संचालित प्रत्येक जनहितकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने प्रत्येक योजना के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक कोरियावासी को सेवा संकल्प अभियान से जोड़कर विकसित भारत के निर्माण में सभी सहभागी बनें। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत कोरिया के आय व्यय का अनुमानित आंकड़ा रखा गया इसमें विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आने वाली प्राप्तियाँ और उनके वितरण का ब्यौरा शामिल रहा। जिसे सभी सदस्यों की सहमति से पारित किया गया।



